हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 29 दिसंबर 2023

9 कांग्रेस के अनेक नेताओं ने आजादी के लिए प्राण...



10 केएम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन



## खबर संक्षेप

### प्रॉपर्टी टैक्स एकमुश्त जमा करने पर मिलेगी छूट

**चरखी दादरी।** नगर परिषद क्षेत्र के तहत आने वाले प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय हेल्प डेस्क पर या स्वयं अपनी संपत्ति को सत्यापित करवाता है तो सरकार की ओर से उन सभी प्रॉपर्टी धारकों को वर्ष 2023-24 के टैक्स पर 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर तक प्रॉपर्टी धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। यह जानकारी डीएमसी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने दी ।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई

**भिवानी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ाई गई है। पहले अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी को होना था लेकिन अब अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को किया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल ने दी। उन्होंने बताया एक जनवरी 2024 को क्वालीफाई तिथि मानकर मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण की संशोधित अनुसूची का प्रकाशन किया जाना है।

### गर्भवती महिलाओं को मिलेगी सुविधाएं : डीसी

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सरकार महिलाओं और उनके स्वास्थ्य के प्रति कृतसंकल्पित है और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच और योजना के तहत जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए प्रत्येक महीने की 9, 10 तथा 23 तारीख को शिविर लगाए जाते है। ।

### ग्रामीण चौकीदारों की खंड स्तरीय बैठक सम्पन्न

**भिवानी।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा भिवानी ब्लॉक की आम सभा शहीद भगत सिंह यादगार भवन में संजीत प्रधान की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव जयसिंह ने किया। सभा के राज्य महासचिव कलीराम व राज्य कोषाध्यक्ष भगतसिंह ने कहा कि भाजपा-जजपा सरकार में बेलगाम महंगाई, बेरोजगारी के चलते जीना दुभर हो गया हैं। बैठक में सतबीर चांग, हरिपाल, अमरलाल, हवासिंह, सीटू जिला सचिव अनिल, भीमसिंह आदि ने अपने विचार रखे।

# किसानों की मेहनत लाई रंग, तीन दिन के लिए सुंदरग्रुप नहरों को मिला पानी

## सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में छोड़ा 400 क्यूसेक पानी, शनिवार तक चलने की उम्मीद



**भिवानी।** बृहस्पतिवार को उपायुक्त से मिलने के बाद बाहर आते किसान और अतिरिक्त पानी मिलने के बाद नहर के अंतिम छोर पर पहुंचता पानी। फोटो : हरिभूमि



सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के अलावा निगाना व जुई फीडर में पानी चलाया जाना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

आखिर किसानों की मेहनत रंग लाई है। किसानों के शहर में प्रदर्शन व उपायुक्त से मुलाकात के बाद गुरुवार को सुंदर ग्रुप की नहरों में पानी छोड़ दिया है। हालांकि किसान पूरे सप्ताह पूरे पानी की मांग कर रहे थे, लेकिन फिलहाल उक्त ग्रुप की नहरों को साढ़े नौ सौ क्यूसेक पानी मिला है। इसी पानी से सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी के अलावा निगाना व जुई फीडर में पानी चलाया जाना है। खैर यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि कितने दिनों तक पानी चलेगा, लेकिन तीन दिनों तक पानी चलने की उम्मीद जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को सुंदर नहर संघर्ष समिति के सदस्यों ने भिवानी पहुंचकर सुंदर नहर में पूरा सप्ताह पानी चलाए जाने की मांग की थी। जिसको लेकर सैंकड़ों किसानों ने शहर में प्रदर्शन किया और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा था। उस वक्त उपायुक्त ने किसानों की एक कमेटी से अगले दिन मिलने के लिए कहा। आज इसी मामले को लेकर किसानों की एक कमेटी उपायुक्त से मिली। जिस पर उपायुक्त नरेश नरवाल ने जल्द ही सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग करके पूरा सप्ताह तक पूरा पानी चलवाए जाने का आश्वासन दिया। साथ ही किसानों के मांग के अनुरूप तीन दिन(गुरुवार, शुक्रवार व शनिवार) जिन किसानों के खेतों में पानी नहीं पहुंचा। इन तीनों दिनों तक नहर व माइनरों में पूरा पानी छुड़वाने का आश्वासन दिया। उसके बाद किसानों की कमेटी अपने घर लौट गई। कमेटी में कामरेड ओमप्रकाश, रामोतार बलियाली, हवासिंह शर्मा मंढ़ाणा, महेंद्रपाल यादव, अनुप बलियाली, राहुल तंवर, चांदीराम कुंगड़ भी साथ रहे।

**सुंदर नहर किसानों की जीवनदायिनी:** ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के जिला प्रधान जोगेंद्र तालु ने कहा कि क्षेत्र की फसलों के लिए सुंदर ब्रांच नहर जीवनदायी मानी जाती है, लेकिन सुंदर ब्रांच नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आता, जिसके चलते फसलें बर्बाद होती है। उन्होंने कहा कि किसान पहले से प्रकृति की मार झेल रहा है, जिसके चलते उसकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है। इसके बाद अधिकारियों की लापरवाही के कारण सुंदर ब्रांच नहर में पानी ना आने के चलते किसान ओर अधिक बर्बाद हो रहे हैं। ऐसे में उनकी मांग है कि सुंदर ब्रांच नहर में पर्याप्त पानी छोड़ा जाए।

### ...पानी की भेजी थी मांग

सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता बलराज चौहान ने बताया कि किसानों की मांग के बाद अतिरिक्त पानी की मांग की गई थी। जिसके बाद साढ़े नौ सौ क्यूसेक पानी मिला है। निगाना फीडर फ्रेस्ट में है। इसको पूरा पानी दिया जाएगा। बाकी पानी सुंदर व जुई फीडर में छोड़ा जाएगा। अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता कि पानी कितने चलेगा,लेकिन उन्होंने तीन-चार दिन पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी। फिलहाल तीनों नहरों में पानी चलाया जा रहा है।



**भिवानी।** सीबीएलयू कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते इनसो कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## इनसो ने परीक्षा स्थगित करवाने को सौंपा मांगपत्र

**भिवानी।** इनसो पदाधिकारियों ने वीरवार को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कुलसचिव ऋतु सिंह को मांगपत्र सौंपते हुए सीबीएलयू द्वारा आयोजित करवाई जा रही परीक्षाओं के तहत 30 दिसंबर की परीक्षा स्थगित कर अन्य दिन संचालित करवाने की मांग की है। इनसो नेता जयदीप ग्रेवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा इन दिनों यूजी व पीजी की परीक्षाएं संचालित करवाई जा रही है, जिसके चलते 30 दिसंबर को भी परीक्षा होनी है। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को ही बहुत से विद्यार्थियों की सीईटी की परीक्षा है, ऐसे में एक विद्यार्थी एक ही समय पर दो परीक्षाएं नहीं दे सकता। ये सीबीएलयू व सीईटी की दोनों ही परीक्षाएं विद्यार्थियों के लिए आवश्यक है, ऐसे में सीबीएलयू प्रशासन 30 दिसंबर को संचालित करवाई जाने वाली परीक्षा को स्थगित कर किसी अन्य दिन संचालित करवाएं।

- विद्यार्थियों के भविष्य को देख 30 की परीक्षा स्थगित करें विवि : जयदीप
- 30 दिसंबर को ही बहुत से विद्यार्थियों की सीईटी की परीक्षा है, एक विद्यार्थी एक ही समय पर दो परीक्षाएं नहीं दे सकता

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आकाश बजीणा, विकास फौगाट, प्रीतम गोलागढ़, नेहा वालिया, हिमानी भटेजा व लक्षिता आदि मौजूद रहे।

## कैंप में 300 स्काउट गाइडस ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत स्काउट गाइड हरियाणा चंडीगढ़ के तत्वावधान में पंडित सीताराम शास्त्री बीएड कॉलेज परिसर में बेसिक स्काऊट मास्टर ट्रेनिंग कैंप एवं स्काऊट गाइड का तृतीय सोपान का आयोजन किया।

कैंप में भिवानी, तोशाम, कैरू व बवानीखेड़ा चार खंडों के विभिन्न स्कूलों के करीबन 300 स्काउट गाइडस एवं 30 स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन भाग ले रहे है। कैंप के बारे में जानकारी देते हुए राज्य भारत स्काउट एंड गाइड्स चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप के गुरप लीडर सागर ने बताया कि 27 से 30 दिसंबर तक तृतीय सोपान कैंप का आयोजन किया तथा 27 से 31 दिसंबर तक बेसिक ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। स्काउट एवं गाइड्स को विभिन्न जानकारियों से अवगत करवाया जा रहा है। इस मौके पर डीओसी स्काउट पवन कुमार शास्त्री ने स्काउटिंग, उसके इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि भारत में स्काऊटिंग की शुरूआत 1909 में हुई, लेकिन उस समय केवल अंग्रेज और ऐंग्लो इंडियन बालक ही स्काउट में भर्ती हो सकते थे। भारतीय बच्चों के लिए स्काउटिंग के दरवाजे बंद थे। देश में 1938 में हिंदुस्तान स्काउट एसोसिएशन की स्थापना हुई। आजादी मिलने के बाद 1950 में इसका नाम भारत स्काटट और गाइड रखा गया। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। जिला आयुक्त स्काऊट श्रीभगवान शास्त्री, डीटीसी स्काउट नरेश व वरिष्ठ स्काउट मास्टर हरीश शर्मा ने स्काऊट की प्रतिज्ञा,नियम, प्रार्थना व झंडा गीत का अभ्यास करवाया।



**भिवानी।** स्काऊट गाइड का तृतीय सोपान कैंप व बेसिक स्काउट मास्टर ट्रेनिंग कैंप में प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

## मिड डे मील की कुक एक को करेंगी विरोध प्रदर्शन

- मिड डे मील कम कुक से चिरायु योजना के अंतर्गत 1500 रुपये लेना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिड डे मील कम कुक से चिरायु योजना के अंतर्गत 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लेकर पांच लाख रुपये तक का इलाज फ्री देने की प्रदेश सरकार के निर्णय को श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी ने अनुचित एवं मिड डे मील कम कुक विरोधी करार दिया है।

एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड राजकुमार बासिया ने कहा कि मिड डे मील कार्यकर्ता को साल में महज 10 माह का मानदेय मिलता है, जो 7000 रुपये प्रति माह है, जो साल में 70000 रुपये बनते है। सरकार की योजना के अंतर्गत चिरायु योजना का लाभ उन्हें फ्री मिलता है, जिनकी सालाना आय 1 लाख 80,000 है। कारमेड बासिया ने कहा कि सरकार खुद अपनी ही योजना के नियमों की अवेहलना कर रही है। उन्होंने कहा कि मिड डे मील कर्मी आर्थिक मामले में समाज के सबसे नीचे पायदान पर है , जिनमें काफी संख्या में विधवा है, जो मामूली से मानदेय के बदले पूरा दिन स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रही है। एआईयूटीयूसी सरकार से मांग करता है कि प्रदेश की तमाम मिड डे मील कर्मियों को पांच लाख रुपये तक का इलाज की सुविधा 1500 रुपये सालाना प्रीमियम लिए बिना प्रदान करें। इसके अलावा जिन कर्मियों से प्रीमियम की राशि वसूली गई हैं, उसे वापस लौटाया जाए। वहीं मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी कर्मियों के फ्री इलाज की मांग को लेकर 1 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर प्रदर्शन कर ज्ञापन देगी।

- साल में 10 माह का मिलता है मानदेय



**भिवानी।** जिला बार एसोसिएशन के चौथी बार प्रधान बने पिलानिया को सम्मानित करते लोग। फोटो : हरिभूमि

## जिला बार एसो. के चौथी बार प्रधान बने पिलानिया को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- प्रभावित कार्यशैली के दम पर अधिवक्ता सत्यजीत चौथी बार बने प्रधान : हेतमपुरिया

जिला बार एसोसिएशन का लगातार चौथी बार प्रधान नियुक्त होने पर अधिवक्ता सत्यजीत पिलानिया का स्वागत किया गया। बाबूलाल हेतमपुरिया व अधिवक्ता पुलकित हेतमपुरिया ने वीरवार को नई अनाज मंडी में स्वागत समारोह का आयोजन किया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एसो.के प्रधान पिलानिया को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा उनके द्वारा अधिवक्ताओं के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

समारोह के दौरान प्रधान बजरंग बहलिया व गणेश बेरलिया ने पगड़ी पहनाकर पिलानिया को सम्मानित किया। पिलानिया के स्वागत में नई अनाज मंडी में संजीव चांगिया ने समारोह आयोजित किया। समारोह आयोजक बाबूलाल व अधिवक्ता पुलकित ने कहा कि प्रधान पिलानिया का केवल एकमात्र उद्देश्य प्रत्येक अधिवक्ता की समस्या का समाधान करवाना है। प्रधान पिलानिया ने कहा कि एक अधिवकता होने के नाते वे जानते है कि युवा अधिवक्ताओं को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, ऐसे में उनका प्रयास रहता है कि न केवल युवा, बल्कि प्रत्येक अधिवक्ता की जिला बार संबंधी प्रत्येक समस्या का समाधान हो, ताकि वे अपना पूरा ध्यान अपने कार्य पर लगा सके और लोगों को न्याय दिला सकें। इस मौके पर देवराज तोशामिया, सज्जन चौधरी, नरेश चौधरी, नरेश बापोड़िया, देवीदत्त बापोड़िया, राघव कोसली वाले, विजय लालावासिया आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगा गांव सिढ़ान का सचिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम क्षेत्र के गांव सिढ़ान निवासी एनसीसी कैडेट्स सचिन ने गणतंत्र दिवस परेड पीएम रैली और गार्ड ऑफ ऑनर में शामिल होगा।

सचिन भिवानी के वैश्य महाविद्यालय का विद्यार्थी है। महाविद्यालय के अंडर ऑफिसर सचिन ने आरडीसी कैंप में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सचिन गणतंत्र दिवस परेड, पीएम रैली व गार्ड आफ ऑनर में शामिल होगा। गौरतलब है कि 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी विंग के सीईओ कर्नल रणधीर सिंह एवं वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के कुशल नेतृत्व, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. अनिल तंवर, एनसीसी आफिसर डॉ. मनीष एवं लेफ्टिनेंट डॉ. रीना की देख-रेख में एनसीसी इकाई के कैडेट्स एवं तोशाम के गांव सिढान निवासी सचिन ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।

## रिफाइनरी लाइन के विरोध में पंचायत आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भाजपा सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को पूरी तरह से बर्बाद कर रही है, लेकिन किसान सरकार की मंशा को कभी पूरा नहीं होने देंगे तथा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे गांव सैय रेवाड़ी में किसान महापंचायत होगी, जिसमें किसान विरोधी सरकार व पूंजपीतियों के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंका जाएगा, ये बात भाकियू के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य ने रिफाइनरी लाइन के विरोध में गांव सैय में जारी धरने को संबोधित करते हुए कही। आर्य ने कहा कि भाजपा शासनकाल में किसान बड़ी परेशानियां झेलने पर मजबूर है, जिसके चलते उन्हें बार-बार संघर्ष की राह अपनानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि पहले गांव निमड़ीवाली में बिना मुआवजा दिए खेतों में टॉवर लगाकर किसानों को बर्बाद करने की साजिश रची गई, जिसके चलते अन्नदाता संघर्षरत्त है और अब इंडियन ऑयल जैसी कंपनियों द्वारा बिना मुआवजा दिए खेतों के नीचे पाइप लाइन बिछाई जा रही है, जिसके चलते अन्नदाता गांव सैय में किसान धरनारत्त है। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल जैसी बड़ी कंपनियां भी किसानों की बेशकीमती जमीनों से बिना मुआवजा दिए ही जोर-जबरदस्ती से हथियाना चाहती हैं तथा ये सब सरकार की मिलीभगत से हो रहा है, जिसे किसान बर्दाशत नहीं करेंगे। वहीं मुआवजे की मांग को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर 29 दिसंबर को गांव सैय रेवाड़ी में होने वाली महापंचायत में सरकार के खिलाफ बडे संघर्ष का फैसला लिया जाएगा।

- बगैर मुआवजा दिए किसानों की जमीन के नीचे बिछाई जा रही पाइप लाइन: राकेश

### पांच मीटर से ज्यादा दूरी का नहीं आ रहा था नजर

## दोपहर तक धुंध से आहत , धूप निकलने पर मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- पारा लूढक कर सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया

गुरुवार दोपहर तक धुंध की गहनता लोगों के लिए आफत बनी रही। जिसके चलते जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। पारा भी सात डिग्री से नीचे चला गया। दोपहर बाद सूर्यदेव धुंध के बादलों से निकले और लोगों को अपनी तपिश से राहत दिलाई। धूप खिलने के बाद लोगों की दिनचर्या पटरी पर आई। शाम तक धूप खिली रही।

सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त धुंध की चादर तनी हुई थी। धुंध की दृश्यता इतनी गहनता थी कि पांच मीटर से ज्यादा दूरी का नजर नहीं आ रहा था। यह स्थिति दोपहर एक बजे तक बनी रही। धुंध के चलते पारा भी नीचे की तरफ गोता मारता रहा। पारा लूढक कर सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जिसकी वजह से ठंड की ठिठुरन ओर बढ़ गई।

लोग अलाव के आगे बैठे नजर आए। उसके बाद धीमी गति से हवा चली तो धुंध की चादर फटनी शुरू हुई। धीरे.धीरे धुंध के बादल छिटकने लगे और मौसम साफ हो गया। मौसम साफ होते ही सूर्यदेव की तपिश से लोगों को राहत मिलनी शुरू हो गई। शाम तक इसी तरह का मौसम बना रहा। दूसरी तरफ किसान रबी फसलों के लिए धुंध को फायदेमंद माना जा रहा है। चूंकि सरसों व गेहूं की फसल में धुंध की वजह से फसलों में फुटाव बढ़ेगा और औसतन पैदावार बढ़ेगी।

### एक दूसरे के पीछे लगकर गंतव्य तक पहुंचे वाहन

गुरुवार सुबह धुंध की गहनता जबरदस्त रही। धुंध की वजह से सबसे बड़ी समस्या वाहन चालकों के लिए बनी रही। वाहन चालकों को ज्यादा दूर का दिखाई न देने की वजह से एक वाहन के पीछे लगकर गंतव्य तक पहुंचे। इस दौरान वाहन चालकों को अतिरिक्त समय व अतिरिक्त आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ा। दोपहर बाद धूप खिलने के बाद ही यातायात व्यवस्था पटरी पर लौटी। धूप खिलने के बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। देर शाम तक मौसम साफ बना रहा।

## खबर संक्षेप



### पूर्व वित्तमंत्री जेटली को श्रद्धासुमन किए अर्पित

**भिवानी।** पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय अरुण जेटली की गुरुवार को भाजपाइयों व युवाओं ने जयंती मनाई और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कहा कि अरुण जेटली बहुत अच्छे सांसद थे, जिनके ज्ञान और इनपुट को कोई मुकाबला नहीं था। देश के विकास में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। वधवा ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान लिए गए रिफॉर्म में अरुण जेटली का योगदान शानदार रहा।



### शांति के लिए अध्यात्म जरूरी : बीके

**भिवानी।** आधुनिक युग की भाग दौड़ में मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है, जिसकारण वह मानसिक तनाव में रहता है, वह आत्म शांति चाहता है जो केवल अध्यात्म व राजयोग से मिल सकती है, ये बात पानीपत से पधारे राजयोगी बीके भारत भूषण ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धि धाम में ब्रह्मावत्सों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आत्मिक व मानसिक शांति के लिए अध्यात्म जरूरी है।




### सात दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा रामा संस्कृति वरिष्ठ मा. विद्यालय बवानी खेड़ा में सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भिवानी एनएसएस जिला समन्वयक व कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आंनद शर्मा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या संतोष भाकर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चरणों मे दीप जलाकर व पुष्प अर्पित किया। मुख्यातिथि आनंद कुमार शर्मा ने छात्रों को भारत के प्राचीन गौरव पूर्ण इतिहास को पढ़कर उससे प्रेरणा पाकर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।



### युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है स्वर्गीय पसायतः भवानी

**भिवानी।** नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि प्रत्येक इंसान की पहचान उसके कर्मो से होती है, इसीलिए व्यक्ति को अपने जीवन में सामाजिक कार्यों में भाग लेने के साथ-साथ दूसरों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए, ताकि मरणोपरांत भी उनका नाम सम्मानपूर्वक लिया जा सके। भवानी विश्वनाथ पसायत की 59वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अनेक गणमान्य लोगों ने स्वर्गीय पसायत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कहा कि विश्वनाथ पसायत का जन्म उड़ीसा के रानीपड़ा में हुआ था, वे स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। वे सर्वोच्च न्यायालय में भूतपूर्व न्यायाधीश व विशेष जांच आयोग (काला धन) उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति अरिजत पसायत के पिता है। इस अवसर पर दीपक मित्तल, दीपक राजपूत प्रतिनिधि न्यायमूर्ति अरिजीत पासायत, छात्र संघर्ष समिति अध्यक्ष सूर्यप्रताप, छात्र नेता शुभम तंवर, मनीषपाल, सतीश तंवर, भारत शर्मा, सीटू, पवन आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय सप्त दिवसीय शिविर का समापन

# युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों भी भाग लेना चाहिए: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय सप्त दिवसीय शिविर के समापन हुआ। भिवानी के एसडीएम दीपक बाबू लाल करवा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने की।

कार्यक्रम में अपना संदेश देते हुए एसडीएम करवा ने कहा कि युवाओं को शिक्षण कार्य के साथ साथ सामाजिक कार्यों में जरूर भाग लेना चाहिए। युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना का होना भी जरूरी है। उन्होंने कहा युवाओं में किसी भी विपरीत हालात से निपटने का मादा होता है। युवा ऊर्जावान होता है। उसे अपनी ताकत और ऊर्जा समाज और राष्ट्र के निर्माण में लगानी चाहिए। युवाओं को सभी प्रकार के नशे से दूर और अनुशासन में रहना चाहिए। अनुशासन जीवन में आगे बढ़ने की पहली सीढ़ी है। एसएनओ हरियाणा दिनेश कुमार और सात दिवसीय शिविर के नोडल अधिकारी रामधन शास्त्री ने मुख्य अतिथि के सामने सात दिवसीय शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी दी।

### आगे बढ़ने के लिए जीवन में अनुशासन जरूरी

#### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर चर्चा

आत्मनिर्भर भारत, स्वच्छता ,नशा मुक्ति, हरियाणा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की विशेष रूप से चर्चा की गई। जिला समन्वयक एवं समापन समारोह के अध्यक्ष आनंद शर्मा के निर्देशन में स्वयंसेवकों को एसडीएम एजिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष नागर एखण्ड शिक्षा अधिकारी भिवानी अनिल गौड़ ,सिवानी खण्ड शिक्षा अधिकारी, डीओसी एवं प्राचार्य पवन कुमार आदि अतिथिगण उपस्थित रहे। एसएनओ हरियाणा दिनेश कुमार ने स्वयंसेवकों भारतीय इतिहास द्वारा उन्नत प्राचीन शिक्षा पद्धति की गुणवता द्वारा प्रेरित किया।



भिवानी। एसडीएम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### स्वामी विवेकानन्द के जीवन के प्रेरक प्रसंग बताए

स्वामी विवेकानन्द के जीवन के बारे में बच्चों को जानकारियां प्रदान की और स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया। डीईओ मेहता ने एनएसएसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं और इन विशेष शिविरों का आयोजन क्यों किया जाता है, इसकी महत्ता के बारे में बताया। नोडल अधिकारी रामधन शास्त्री ने स्वयंसेवकों को जीवन में लगातार काम करते रहने की और स्वयं आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। आनन्द शर्मा ने अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों में साहस भर दिया। रामधन शास्त्री ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर जिले की विभिन्न एन एस एस इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी सुषमलता,कुसुम, डॉ. कविता, ज्योति रानी ,विनोद, सुनीता, ईश्वर शास्त्री, नरेन्द्र, सुरेश कुमार , सुमेर सिंह, पवन कुमार नवीन ,आनन्द कुमार,जोगेन्द्र व अन्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया

# कांग्रेस के अनेक नेताओं ने आजादी के लिए प्राण न्योछावर किए: धनखड़

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वीरवार को कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल धनखड़ ने की। धनखड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस का इतिहास बड़ा ही गौरवमयी रहा है, कांग्रेस के कई नेताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, तो कांग्रेस के कई नेता स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जेल में बंद रहे, इन्हीं नेताओं के त्याग एवं बलिदान ने देश को आजाद करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गौरवशाली परंपरा को लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने जीवित बनाए रखा।

**कांग्रेस एक दल नहीं, एक विचार और आंदोलन का नाम :** इन आयोजनों के माध्यम से भाजपा सरकार की जन-विरोधी नीतियों के कारण बड़े पैमाने पर बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक दल नहीं, एक विचार और आंदोलन का नाम है, इसलिए 138 साल बाद भी विचार की यात्रा अनवरत जारी है। कांग्रेस का उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि आमजन को मूलभूत सुविधाएं एवं राहत पहुंचाना हैं।



भिवानी। कांग्रेस का झंडा फहराते अनिल धनखड़ व साथ में अन्य कार्यकर्ता।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष अमन सांगवान, सूरज समसपुर, प्रवीण तिवाला, रवींद्र, विजय, सतपाल, अनिल, देवेंद्र, दीपक आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस की गौरवशाली परम्परा को शास्त्री और इंदिरा गांधी ने बनाए रखा

**भिवानी।** तिलक भवन में वीरवार को कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी ने की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस का झंडा फहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बड़ा ही गौरवमयी रहा है, कांग्रेस के कई नेताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए तथा कांग्रेस के अनेक नेता स्वतंत्रता संग्राम में जेल में बंद रहे, इन्हीं नेताओं के त्याग एवं बलिदान ने देश को आजाद करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गौरवशाली परम्परा को लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने जीवित बनाए रखा। इन आयोजनों के माध्यम से भाजपा सरकार की जन-विरोधी नीतियों के कारण बड़े पैमाने पर बढ़ती बेरोगारी, आर्थिक मंदी, अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को उजागर करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक दल नहीं, बल्कि एक विचार और आंदोलन का नाम है, इसलिए 138 साल बाद भी इस विचार की यात्रा अनवरत जारी है।

### कांग्रेस का इतिहास गौरवमयी: चौधरी

**भिवानी।** तिलक भवन में वीरवार को कांग्रेस का 138वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा प्रभारी हसमुख चौधरी ने की। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस का झंडा फहराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास बड़ा ही गौरवमयी रहा है, कांग्रेस के कई नेताओं ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए तथा कांग्रेस के अनेक नेता स्वतंत्रता संग्राम में जेल में बंद रहे, इन्हीं नेताओं के त्याग एवं बलिदान ने देश को आजाद करवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की गौरवशाली परम्परा को लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी व राहुल गांधी ने जीवित बनाए रखा। इन आयोजनों के माध्यम से भाजपा सरकार की जन-विरोधी नीतियों के कारण बड़े पैमाने पर बढ़ती बेरोगारी, आर्थिक मंदी, अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार को उजागर करना है। इस अवसर पर डॉ. शिव शंकर भारद्वाज, संदीप सिंह, प्रदीप गुलिया, धीरज सिंह, सत्यजीत पिलानिया, अमरसिंह हालुवासिया, परमजीत मड्डू, देवराज महता, तकदीर ग्रेवाल, सविता मान, प्रेमवती गोयत, दीपेश सारसर, सतबीर रतेरा, सुरेंद्र ईटीओ, बलवान एमसी आदि मौजूद रहे।

# खेलकूद में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम






बहल। गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए, खो .खो मैच में भाग लेते प्रतिभागी।

- राम इंटरनेशनल स्कूल बहल में इंटर हाऊस खेलकूद प्रतियोगिता
- ऑल ओवर विजेता का खिताब सेफायर हाऊस को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

कस्बे के श्री राम इंटरनेशनल स्कूल बहल में इंटर हाऊस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय का सैफायर हाऊस के खिलाड़ी विजेता रहे। विद्यालय प्रशासन द्वारा विजेता खिलाडिय़ों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय के खेल ग्राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महत्ता मुख्यातिथि रहे जबकि खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार ने अध्यक्षता की। प्रतियोगिता में चेयरमैन डॉ. विरेन्द्र श्योराण, सुशील केडिया, विकास चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों एमराल्ड, एटोपाज, सैफायर और गार्नेट के खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 100 मीटर,200 मीटर, 400 मीटर व 800 मीटर रेस के अलावा रिले रेस, एलीफेंट रेस, फिश रेस, बैलून रेस में खिलाडिय़ों ने भाग लेकर अपना दमखम दिखाया। इसके अलावा जैवलिन थ्रो, खो खो, वॉलीबाल सहित अन्य स्पर्धाओं में खिलाडिय़ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में ऑल ओवर विजेता का खिताब सेफायर हाऊस को मिला। मुख्यातिथि डीईओ नरेश महत्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेना बहुत जरूरी है। इससे जहां शारीरिक व मानसिक विकास होता है वहीं अनुशासन की भावना को बल मिलता है। विद्यालय प्राचार्या सीमा मक्कड़ ने अतिथियों का धन्यवाद किया।

# राहुल गांधी की यात्रा का होगा असर: मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

किसान कांग्रेस द्वारा छिल्लर गांव में आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में मुख्य संसदीय सचिव रणसिंह मान ने कहा कि कृषि क्षेत्र में फ्लैट रेट लागू करवाने के बाद जो खुशहाली आई उसके बाद ये बताने की जरूरत नहीं रह जाती कि इलाके में किसने काम किए हैं और कौन आगे कर सकता है।

उन्होंने कहा कि बुढ़ापा पेंशन और अनुसूचित वर्ग के लिए चौपाल बनाने का विचार भी यहीं की देन है। बाढ़ड़ा हलके के लोगों को फरख होना चाहिए कि उनके नुमाइंदे की कोशिश के कारण पूरे प्रदेश के किसानों और आमजन को राहत मिली। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के सर्वे का जिक्र करते हुए कहा कि किसान आंदोलन और आमजन आंदोलन में निभाई भूमिका व सहयोग को नहीं भुलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों का भी फर्ज बनता है कि वे परखे हुए आदमी का सर्वे में निसंकोच नाम लें ताकि कांग्रेस सरकार बनने पर बाढ़डा नई ऊच्चाईयों को छू सके। किसान नेता राजू मान ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव नजदीक देख लोगों को गुमराह करने के लिए संकल्प यात्रा निकाल रही है। उन्होंने कहा कि बेहद सफल भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल गांधी दूसरे चरण में 14 जनवरी को मणिपुर से भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे।




चरखीदादरी। ग्रामीणों को संबोधित करते रणसिंह मान। फोटो : हरिभूमि

# सुखमनी साहिब के पाठ का आयोजन

- वीर बाल दिवस को बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मुख्य गुरुद्वारा श्री सिंह सभा घंटाघर श्री सुखमनी साहिब के पाठ व शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया,उस उपरांत लंगर भी चलाया गया । बाबा जोरावर सिंह उम्र 9 वर्ष व बाबा फतेह सिंह उम्र 7 वर्ष की शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस को बड़ी ही श्रद्धा के साथ मनाया गया । मुख्यग्रंथी ज्ञानी प्रेमसिंह ने शहादत की दास्तान सुनाते हुए कहा कि सरसा नदी में परिवार से बिछड़ जाने के बाद बाबा जोरावरसिंह व बाबा फतेहसिंह अपनी दादी गुजरी जी के चल रहे थे कि रास्ते मे गुरुजी का नोकर गंगू उनको अपने घर ले गया लेकिन रात को दादी गुजरी के पास सोने की मोहरें देखकर लालच में गया और रात को ही चुरा ली। सुबह सरहिंद के नवाब वजीर खान को सूचना दे दी कि गुरु गोबिंद सिंह के बच्चे और माता उनके घर पर है। वजीर खान ने तीनों को बंदी बनाकर ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया गया। लगातार तीन दिन तक सूबे की कचहरी में बच्चों को इस्लाम कबूल करने के लिए प्रलोभन दिए गए और वजीर खान के आगे झुकने के लिए दबाब बनाया गया। लेकिन बाबा जोरावरसिंह और बाबा फतेहसिंह ने जो बोले सो निहाल के जयकारों से कचहरी को गुंजा दिया। कहा कि हम अकाल पुरख और अपने गुरु पिता के अलावा किसी के सामने ये सिर नहीं झुकाते एवं इस्लाम को कबूल नही करेंगे। इस बात से खफा वजीर खान के काजी ने जिंदा दीवार में चिनवा देने का फ तवा जारी कर दिया। दोनों बच्चों के बलिदान की सूचना से माता गुजरी ने भी अपने प्राण त्याग दिए। सेठ टोडरमल ने अपना सबकुछ बेचकर करीब 78 हज़ार सोने की मोहरें 2 अरब 50 करोड़ बिछा कर चार गज जमीन को खरीदा और तीनों का संस्कार किया। इन छोटे बच्चो का शहीदी दिहाड़ा हमेशा देश व धर्म के प्रति त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान इंद्रमोहन सिंह, बलविंदर सिंह , कमलदीप सिंह , प्रेम मुटरेजा आदि मौजूद रहे।



## ईलाइट सीनियर नेशनल वूमैन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दिखाए जौहर

# मुक्केबाज की पत्नी दर्शना ने जीता ब्रांज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

उत्तर प्रदेश के ग्रोटर नोएडा के गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में 21 से 27 दिसंबर तक ईलाइट सीनियर नेशनल वूमैन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में गांव धनाना निवासी अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज संदीप घणघस की धर्मपत्नी दर्शना घणघस ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में ब्रांज मेडल हासिल किया। पदक विजेता दर्शना का तिगड़ाना मोड स्थित भिवानी बॉक्सिंग क्लब में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। दर्शना की उपलब्धि से न केवल परिजनों, बल्कि ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। साई के सेवानिवृत्त मुख्य कोच भूपेंद्र सिंह धनाना ने बताया कि दर्शना ने चैंपियनशिप में ऑल इंडिया पुलिस टीम की तरफ से भाग लेते हुए पदक जीता हैं।

उन्होंने बताया कि दर्शना ने चैंपियनशिप में पहले मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ी, दूसरे में दिल्ली व तीसरे में मध्य प्रदेश की खिलाड़ी को हराकर ब्रांज मेडल हासिल किया। दर्शना ने पिछले माह भी ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में 54 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था।

दर्शना के पति संदीप घणघस भी अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज है। दर्शना ने अपनी उपलब्धि का श्रेय परिजनों व द्रोणाचार्य अवॉर्डी कोच जगदीश सिंह को दिया है। कोच जगदीश ने बताया कि दर्शना होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, उन्हें पूरा विश्वास है कि दर्शना ओलंपिक में देश को गोल्ड मेडल दिलाने का काम करेगी।

इस अवसर पर दलीप सिंह चेयरमैन, संयुक्त निदेशक जोगेंद्र सिंह धनाना, लीला धनाना, डॉ. फूल सिंह धनाना, घणघस खाप के प्रधान प्रेमसिंह धनाना, जगदीश धनाना, सेवानिवृत्त मुख्य कोच बृजभान सिंह, कोच भूपेंद्र सिंह, कोच नवीन, बॉक्सिंग कोच भूप्पी, साई के इंचार्ज कुलदीप, कोच सूरज, कोच मनोज, रामकिशन साई आदि ने दर्शना को बधाई दी।




भिवानी। ईलाइट सीनियर नेशनल वूमैन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता दर्शना। फोटो : हरिभूमि

# समीर श्योराण के ग्रामीण दौरे जारी भाजपा की नीतियां को बताया दमनकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

पूर्व विधायक चौ सोमवीर सिंह के पुत्र एवं युवा कांग्रेस के पूर्व हलका अध्यक्ष समीर श्योराण इन दिनों लोहारू हलके के गांवों का दौरा कर रहे हैं। उसी कड़ी में उन्होंने हलके के सिंघानी, गिगनाऊ, गोठड़ा, कुशलपुरा, ढाणी डोडा, ढाणी मनसुख सहित अनेक गांवों का दौरा किया।

दौरान उन्होंने भाजपा की नीतियों को दमनकारी बताया। समीर श्योराण ने ग्रामीण दौरे के बाद बाद लोहारू कस्बे के पुराना शहर में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा लगातार किसानों की आय दोगुनी करने का राग अलाप रही थी लेकिन वर्तमान में किसान की हालत और अधिक दयनीय होती जा रही है। महंगाई ने किसान की ही नही बल्कि आम आदमी की कमर तोड़ दी है। डीजलए पेट्रोलए खादए घरेलु रसोई गैस आदि के बढ़ते दाम बढ़ाने के बाद कम होने का नाम नहीं ले रहे।उन्होंने कहा कि पढ़े लिखे बेरोजगार युवा रोजगार के अभाव में सड़कों पर ठोकर खा रहें हैं।

**सूचना**

मैं, ओमप्रकाश पुत्र श्री गुगन राम निवासी वार्ड नं. 07, दोलिया कुवा लोहारू, जिला भिवानी, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित व उसकी पत्नी रेखा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप


भिवानी। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

### मेहंदी व रंगोली में आरती पोस्टर में हंशु प्रथम

**भिवानी।** पंडित सीताराम शास्त्री बीएड ट्रेनिंग महाविद्यालय में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन सांस्कृतिक गतिविधि प्रकोष्ठ की प्रभारी रेखा व डॉ. श्रेया के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में रंगोली बनाओ, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, मेहंदी, कार्टूनिंग, कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बीएड प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। निर्णायक की भूमिका पब्लिक स्कूल बाल भवन की नीना मेहता ने निभाई।

### आधुनिक मशीने कृषि क्षेत्र में ला रही नई क्रांति: कौर

**चरखी दादरी।** सस्ती दरों पर अत्याधुनिक मशीनी तकनीक को उपलब्ध करवा कर ही खेती में किसान के लागत व्यय को कम किया जा सकता है। इसी मकसद से भारत सरकार कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग को लेकर आई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस तकनीक पर जोर देते हुए इसे नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ड्रोन से कीटनाशक छिड़काव का प्रदर्शन लगातार किया जा रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा साहलेवाला में पहुंची

**तोशाम।** गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा क्षेत्र के गांव साहलेवाला व रोढ़ा गांव में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कायक्रमों में उपस्थितगण को भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने और नागरिक के नाते अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प दिलवाया गया। जिप चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी गरीब, महिला, किसान व युवाओं को मजबूत करने के लिए प्रयासरत हैं और वंचित पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाया जा रहा है।

गांव पपोसा व औरंगनगर में पहुंची जनसंकल्प यात्रा

# जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने बताया कैसे लिया योजनाओं का लाभ

गांव पपोसा व औरंगनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में वितरित किए जनकल्याणकारी योजनाओं के पंपलेट और दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। संकल्प यात्रा के दौरान लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए।

गांव पपोसा व औरंगनगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन के पहुंचने पर वीरवार को कार्यक्त्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रम में ग्रामीणों को पम्पलेट वितरित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। गांवों में यात्रा पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यकमों में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। गांव पपोसा में जिला सह संयोजक रोहताश चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अलावा औरंगनगर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सह संयोजक रोहताश चौहान ने ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में जनता से सीधे रूप से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों के आयुष्मान कार्ड, बीपीएल कार्ड, परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता व अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि कार्य के मौके पर ही आवेदन लिए जा रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का है। यात्रा के माध्यम से गरीब वगोंर्, महिलाओं, युवाओं, किसानों व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की स्कीम की जानकारी जन.जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि लोगों में जागरूकता आए और वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस दौरान जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने योजनाओं का लाभ कैसे लेते हैं कि जानकारी देते हुए ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत योजनाओं को अपके घर द्वार तक पहुंचा रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन 29 दिसंबर को सुबह दस बजे गांव धनाना के

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झुप्पा कलां में कार्यक्रम आयोजित

■ लाभार्थियों की पहचान कर पहुंचाया जा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

जिला परिषद वॉइस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।

जिप की वायस चेयरपर्सन सुनीता जांगड़ा गांव झुप्पा कलां व झुप्पा खुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। सुनीता जांगड़ा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई हैए जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन.जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन, नैनो यूरिया, ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, उज्ज्वला, स्वामित्व योजना,स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंत्योदय योजना, पीएम.स्वनिधि योजना आदि की जानकारी दी।

पीएचसी में, गांव पैटोदी कलां में, सिधनवा के राजकीय हाई स्कूल में, अहमदवास में तथा दोपहर दो बजे गांव सूमराखेड़ा के राजकीय स्कूल में, गांव पैटोदी खुर्द में, गांव हरियावास के राजकीय प्राइमरी स्कूल में और गांव ढाणी ढ़ोला के राजकीय प्राइमरी स्कूल में पहुंचेगी।

# लोगों को दिया जा रहा है योजनाओं का लाभ

■ यात्रा के प्रति लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा : मंढोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य रविंद्र मंढोली ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। यात्रा के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। इससे लोगों को जहां विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी मिल रही है वहीं दूसरी ओर परिवार पहचान पत्र, राशन काड, आयुष्मान कार्ड, हेल्थ चैक और उज्ज्वला योजना से संबंधित स्कीमों का मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है। गुरुवार को क्षेत्र के गांव सहरयारपुर व सलेमपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य रविन्द्र मंढोली मुख्यातिथि रहे। उन्होंने कहा कि आज देश व प्रदेश में विकास की नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है,जिसे पूरी दुनिया देख रही है।

भारत एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि हमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी है। जिला पार्षद रविंद्र मंढोली व मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन ने अधिकारियों के साथ स्टॉलों का अवलोकन किया और नागरिकों को विकसित भारत संकल्प शपथ दिलाई। शपथ के माध्यम से ग्रामीणों व स्कूली बच्चों से आह्वान किया कि भारत को विकसित बनाने में अपना योगदान दें। लोगों से कहा गया कि वर्ष 2027 तक विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया गया हैए उसे पूरा करने में सहयोग दें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी रोहन, बीडीपीओ विनोद सांगवान, एसईपीओ सुरेंद्र श्योराण, विरेन्द्र लांबा, सरपंच मनजीत, सिलोचना लांबा,पूर्व सरपंच रामचंद्र लांबा, सलेमपुर के सरपंच कुलदीप काजला, रवि, धनसिंह फौजी, सुरेश पंच, रणबीर पंच आदि मौजूद रहे।

### जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी दी

संकल्प यात्रा में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों में मनरेगा द्वारा जॉब कार्ड से संबंधित जानकारी दी गई वहीं नए पीपीपी में जरूरी संशोधन व बिजली निगम द्वारा नए मीटर लगवाने के बारे में बताया गया। खाद्य एवं पूर्ति विभाग द्वारा गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन कार्ड व ऑन लाईन राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने ड्रोन की जानकारी दी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि में किसी भी प्रकार की दिक्कतों को दूर करने से संबंधित जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजनाए छात्रवृति योजना और विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली राशि के बारे में विस्तार से बताया गया।

# केएम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

■ 100 मी. रेस में केएम पब्लिक स्कूल से निखिल प्रथम, हलवासिया विद्या विहार से चिराग द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


तोशाम। खेलकूद प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

केएम पब्लिक स्कूल में अन्तर्विद्यालय खेल.कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप.प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित और रेखा श्योराण ने माँ सरस्वती व सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया ।

इस खेल प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्र.छात्राओं के लिए 5 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 100 मी. रेस में केएम पब्लिक स्कूल से निखिल प्रथम, हलवासिया विद्या विहार से चिराग द्वितीय और केएम पब्लिक स्कूल से विनय तृतीय स्थान पर तथा छात्राओं में सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल से तमन्ना प्रथम, के सीएम आर्मी से अंकुश द्वितीय तथा केएम पब्लिक स्कूल से पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

श्री लैग रेस में छात्रों में सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल से बादल और इशांत प्रथम, हलवासिया विद्या विहार से जयवर्धन और त्विक द्वितीय,केएम पब्लिक स्कूल से किशन और नसीब तृतीय तथा छात्राओं में केसीएम आर्मी स्कूल से निधि और पायल प्रथम, हलवासिया विद्या विहार से पूर्वा और सोनाक्षी द्वितीय तथा सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्कूल से नेहा और छाया तृतीय स्थान पर रहीं । सैक रेस में हलवासिया विद्या विहार से मयंक प्रथम व यश द्वितीय, बाल भवन से गौरव तृतीय स्थान पर रहे।

# पीएम के नेतृत्व में देश में रामराज्य की हो रही स्थापना : विधायक

■ विधायक कार्यालय में भाजपा लीगल सैल ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भाजपा कार्यकर्ताओं को भगवान श्रीराम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट करते विधायक घनश्याम सर्राफ, भाजपा लीगल सैल जिलाध्यक्ष सचिन सिंगला।

विधायक घनश्याम सर्राफ के कार्यालय में भाजपा लीगल सैल जिलाध्यक्ष सचिन सिंगला एडवोकेट के नेतृत्व में लीगल सैल द्वारा उपस्थित भाजपा के समर्पित व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भगवान श्रीराम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

विधायक सर्राफ ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में रामराज्य की स्थापना हो रही है और ये देश रामराज्य से ही चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बड़े लक्ष्य तय किए और इन्हें हासिल करने की ओर देश लगातार आगे बढ़ रहा है। सचिन सिंगला एडवोकेट ने बताया कि लीगल सैल द्वारा चलाए जा रहे सम्मान अभियान में लीगल सैल के समर्पित, निष्ठावान कार्यकर्ताओं को भगवान श्रीराम मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया जा रहा हैं। इस अवसर पर लीगल सैल के सह-संयोजक रवि वर्मा, दीपक मितल, जतन तंवर आदि मौजूद रहे।

### खुशियां बाँटने से बढ़ती : नवीन कुमार

*लोहारू। यूको बैंक के प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद करना पुण्य का कार्य है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। वे गुरूवार को प्रयास.एक कोशिश सामाजिक संगठन द्वारा संचालित खुशियों की दीवार कार्यक्त्रम में खुशियां बांट रहे थे। खुशियों की दीवार पर पहुंचने पर प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के डॉ. उमेद जांगिड़, शशि जैन और सोनू श्योराण ने उनका स्वागत किया। प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के संस्थापक मा पवन स्वामी और डॉक्टर उमेद जांगिड़ ने बताया कि संगठन द्वारा पिछले 8 वर्षोर् से अनाजमंडी लोहारु में खुशियों की दीवार कार्यक्त्रम का आयोजन किया जाता है। जिसके अंतर्गत जिन घरों में आवश्यकता से अधिक सामान कपड़ेए जूतेए स्वेटर आदि यहाँ रख देते हैं और इस सामान को जरूरतमंद तक पहुंचाया जाता है। मनोज सिंघल और रामपाल नकीपुर ने बताया कि सात दिनों तक चलने वाले अभियान के तहत सैकड़ों जरूरतमंद लाभान्वित होते हैं।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## साइबर ठगों से सावधान व सतर्क रहें नागरिक: डीसी

**भिवानी।** डिजिटल व सोशल मीडिया के बढ़ते चलन के कारण साइबर अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है, इसलिए साइबर ठगों से सावधान व सतर्क रहे, किसी भी प्रकार के लालच में न आए और साइबर धोखाखड़ी से बचने के लिए अपनी



गोपनीय जानकारी, ओटीपी, पासवर्ड आदि किसी के साथ शेयर न करें। ये बात उपायुक्त नरेश नरवाल ने कही।उन्होंने कहा कि किसी भी कारणवश साइबर अपराध का शिकार होने पर केंद्र सरकार के पोर्टल नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग व 1930 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सरकार के पोर्टल की मदद से यूजर को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा मिलती है तथा साइबर अपराध की शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि डिजिटल वर्ल्ड में साइबर अपराध से जुड़ी घटनाएं अब बेहद आम हो गई हैं। आए दिन साइबर अपराध से जुड़ी अलग-अलग खबरें सुनने को मिलती हैं। साइबर अपराधी अलग-अलग तरीकों का इस्तेमाल कर यूजर्स को अपने जाल में फंसाने का काम करते हैं।

# गांव साहलेवाला में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

■ एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने किया शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


तोशाम। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए।

सामाजिक कुप्रथा निषेध अभियान कमेटी द्वारा वीरवार को गांव साहलेवाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर एसडीएम ने कुप्रथाओं के उन्मूलन में मृत्युभोज न करके समाज को सन्देश देने वाले लोगों को सम्मानित किया।

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि रक्त की एक.एक बुंद मानव जीवन के लिए अनमोल है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान के माध्यम से दूसरों की जान बचाने से महान कार्य कुछ भी नहीं है। व एसडीएम ने कहा कि सामाजिक कुप्रथा निषेध अभियान कमेटी कुप्रथाओं के उन्मूलन के लिए जनजागरण अभियान चलाने के अलावा रक्तदान शिविर व पौधरोपण कर समाज को एक दिशा देने का काम कर रही है।



# विद्यार्थियों ने फास्ट फूड, पैकट फूड चॉकलेट और लड्डू बनाए और खाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में गुरुवार को विंटर कार्निवल का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व प्राचार्य मुस्तफा माजिद ने किया। ये विंटर कार्निवल कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। स्कूल कैंपस को बच्चों ने पूरे दिल ओर जान से सजाया और अपनी खेल व विभिन्न फूड से संबंधित स्टॉल लगाई। बच्चों ने उत्साहित होकर कार्निवल का आनंद लिया और विभिन्न प्रकार के फास्ट फूड, पैकट फूड, चॉकलेट व लड्डू बच्चों ने बनाए और खाए। बच्चों ने टीचर्स के साथ मिलकर टीम वर्क किया। टीचर्स जहां बच्चों को बेस्ट एजुकेशन देते हैं वहीं करिकुलर एक्टिविटीज पर भी ध्यान देते हुए बच्चों को कुशलता पूर्वक कार्य करने की शिक्षा देते है। बच्चों ने नृत्य कला प्रदर्शन किया जो बहुत आकर्षित रहा। प्राचार्य मुस्तफा ने कहा कि स्कूल बच्चों के लिए शिक्षा के मंदिर के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास कराने का केन्द्र होता है, बच्चों के स्कूल में जिनती चीजें सीखने को मिलती है, उनती कहीं अन्य जगह नहीं मिल पाती है।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

■ अधिकारियों ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा


बवानीखेड़ा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना पंचकूला के दिशानिर्देश के अनुसार जिला परियोजना संयोजक कार्यालय समग्र शिक्षा भिवानी द्वारा विद्यार्थियों में पठन पाठन की आदतों को विकसित करने के उद्देश्य से भिवानी के जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में पठन प्रोत्साहन माह समारोह के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर, जिला परियोजना संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने शिरकत करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी।

नोडल अधिकारी सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा कक्षा 6 से 8 में जिला भिवानी के सात खंडों के लगभग 58 बच्चों द्वारा वाद-विवाद , वर्तनी , स्पेल.बी तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। कक्षा 9 से 12 में जिला भिवानी के सात खंडों से 72 विद्यार्थियों द्वारा 4 विधाओं वाद विवाद प्रतियोगिता क्विज ऑन टेंसेस प्रतियोगिता कहानी लेखन प्रतियोगिता तथा कविता लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया गया। सभी विधाओं में कक्षावार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को समाजसेवी मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर, जिला परियोजना संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सिवानी सुरेन्द्र सिंह द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी के उज्वल भविष्य की कामना की गई। निर्णायक मंडल में डाइट बिरही कलां से समाजसेवी सुशील सांगवान, राकेश गोदारा, डॉ. मनोज शर्मा आदि शामिल थे। रविंद्र कुमार, राजेश, कंवर पाल, नरेश, जितेन्द्र, रविंद्र कुमार, सुरेश कुमार, डॉ. सरोज, पिंकी, सुनीता, दीपमाला, मीना, शोभा, वीना रहेजा तथा सुमन लता द्वारा निभाई गई।


गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।